# Social Media Associate at IDR | Job Description 2026

**About IDR**
With a reach of nearly 20 million, IDR (India Development Review) is India's first and largest independent media platform for the development community. Founded in 2017 as a nonprofit, we advance knowledge on social impact in India through ideas, opinion, analysis, and real-world practice.

**About the Role**
IDR publishes content in Hindi and English, this role is for our Hindi operations. We are looking for Social Media Associate to imagine how our content can best be posted across different social media channels, support our day-to-day posting across channels, and streamline our data collection and reporting.

This role is ideal for someone who loves making content accessible, has strong writing skills, understands how social media works, and wants to build leadership in digital communication. Prior social sector experience is not required.

This is a full-time position, with flexible working arrangements reflecting IDR's operational policy; in-office presence may be required based on location.

**Responsibilities**
- Draft, format, and post daily content across IDR's social media channels.
- Ensure accuracy, clarity, and consistency in all captions and posts.
- Coordinate with the editorial and marketing teams to schedule posts.
- Monitor basic engagement (likes, comments, shares) and flag relevant activity.
- Maintain an organised posting calendar.
- Stay updated on social media trends, formats, and best practices.

**Apply if you have**
- 3 - 6 years of work experience
- Strong writing and editing skills.
- Deep understanding of how major social media platforms work.
- Ability to follow brand tone and style guidelines.
- Attention to detail and ability to manage deadlines.
- Interest in digital communication and willingness to learn.
- Prior experience with design tools (e.g., Canva) is a bonus but not mandatory.
- No prior experience in the social sector required.

**You will be a right fit if you are** organised, curious, internet-savvy, and excited to help share IDR's work with a wider audience.

**To apply,** send your CV a few lines about why you want to work at IDR, in this role to writetous@idronline.org.
*The salary range for this role is INR 6 lakh - INR 7.2 lakh per annum.*

## आईडीआर हिंदी में सोशल मीडिया एसोसिएट | जॉब डिस्क्रिप्शन 2026

### आईडीआर के बारे में

लगभग 2 करोड़ लोगों तक पहुंच के साथ, आईडीआर (इंडिया डेवलपमेंट रिव्यु) विकास समुदाय के लिए भारत का पहला और सबसे बड़ा स्वतंत्र मीडिया प्लेटफ़ॉर्म है। वर्ष 2017 में एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में स्थापित, हम विचारों, मतों, विश्लेषण और जमीनी अनुभवों के माध्यम से भारत में सामाजिक प्रभाव से जुड़े ज्ञान को आगे बढ़ाते हैं।

### भूमिका के बारे में

आईडीआर हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में सामग्री प्रकाशित करता है। यह पद आईडीआर हिंदी टीम के लिए है। हम एक ऐसे सोशल मीडिया एसोसिएट की तलाश में हैं, जो यह समझ और रणनीति विकसित कर सके कि हमारी सामग्री को विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर सबसे प्रभावी तरीके से कैसे प्रस्तुत और साझा किया जाए। साथ ही, यह भूमिका दैनिक पोस्टिंग कार्यों में सहयोग करने तथा आंकड़ों के संग्रह और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने से जुड़ी है। यह पद उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो सामग्री को सरल और सुलभ बनाने में रुचि रखते हैं, जिनकी लेखन क्षमता सशक्त है, जो सोशल मीडिया की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह समझते हैं, और डिजिटल संचार के क्षेत्र में नेतृत्व विकसित करना चाहते हैं। सामाजिक क्षेत्र में पूर्व अनुभव अनिवार्य नहीं है।

यह एक पूर्णकालिक पद है। आईडीआर की संचालन नीति के अनुरूप कार्य व्यवस्था लचीली है; हालांकि, स्थान के आधार पर कार्यालय में उपस्थिति की आवश्यकता हो सकती है।

### ज़िम्मेदारियां

- आईडीआर के सोशल मीडिया माध्यमों के लिए प्रतिदिन सामग्री का प्रारूप तैयार करना, उसे सुव्यवस्थित रूप देना और समयानुसार प्रकाशित करना।
- सभी कैप्शन और पोस्ट में सटीकता, स्पष्टता और भाषा की एकरूपता सुनिश्चित करना।
- पोस्ट के निर्धारण और प्रकाशन के लिए संपादकीय तथा विपणन टीम के साथ समन्वय बनाए रखना।

- मूलभूत सहभागिता (पसंद, टिप्पणियां, साझा करना) की नियमित निगरानी करना और महत्वपूर्ण गतिविधियों की सूचना संबंधित टीम को देना।
- एक सुव्यवस्थित और अपडेटेड पोस्टिंग कैलेंडर का रखरखाव करना।
- सोशल मीडिया के नवीन रुझानों, प्रारूपों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से निरंतर अवगत रहना।

**आवेदन करें यदि आपके पास**

- 3 से 6 वर्षों का प्रासंगिक कार्य अनुभव हो।
- उत्कृष्ट लेखन और संपादन कौशल हो।
- प्रमुख सोशल मीडिया मंचों की कार्यप्रणाली की गहरी समझ हो।
- ब्रांड की भाषा, शैली और दिशा-निर्देशों का पालन करने की क्षमता हो।
- सूक्ष्म विवरणों पर सजग दृष्टि और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने की क्षमता हो।
- डिजिटल संचार में रुचि तथा निरंतर सीखने की तत्परता हो।
- डिज़ाइन उपकरणों (जैसे कैनवा) का पूर्व अनुभव अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा, हालांकि यह अनिवार्य नहीं है।
- सामाजिक क्षेत्र में पूर्व अनुभव आवश्यक नहीं है।

यदि आप व्यवस्थित ढंग से काम करने वाले, जिज्ञासु और डिजिटल दुनिया की समझ रखने वाले व्यक्ति हैं, तथा आईडीआर के कार्य को अधिक व्यापक और विविध दर्शकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं, तो यह भूमिका आपके लिए एक उपयुक्त अवसर हो सकती है। आवेदन करने के लिए, अपना सीवी और कुछ पंक्तियां, जिनमें आप यह बताएं कि आप आईडीआर में इस भूमिका में कार्य क्यों करना चाहते हैं, इस ईमेल पर भेजें: writetous@idronline.org

इस पद के लिए वार्षिक वेतन सीमा 6 लाख - 7.2 लाख प्रति वर्ष है तथा आवेदन करने की अंतिम तारीख ..... है।